।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।

# LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL

(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)

Dr. Sita Ram Gupta
OFFICER INCHARGE
Mob : 9413205638
Email: lrsbeechwal@gmail.com

Bijey Bhawan Palace
Veterinary College Campus
Bikaner 334 001
Rajasthan, India

**No. F ( )/LRS Beechwal/2023-24/ 349** **Dated : 07.12.2023**

## अल्पकालीन निविदा सूचना 02/2023–2024

प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल में सिंचित कृषि भूमि पर गेहूँ की फसल हिस्सा पद्धति पर करने हेतु इच्छूक निविदादाताओं से अल्पकालीन मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत नियम/शर्ते व निविदा प्रपत्र कार्यालय, प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल में उपलब्ध है।

पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा मय आवेदन शुल्क रूपये 200/– तथा अमानती राशि रूपये 10000/– नगद अथवा डिमांड ड्राफ्ट (जो कि प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के नाम से देय होगा) के साथ इस केन्द्र में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14.12.2023 समय प्रातः 11.00 बजे तक है। भरी हुई निविदा 14.12.2023 को ही दोपहर को 12.00 बजे खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता कर्यालय प्रभारी अधिकारी, कार्यालय समय प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है तथा वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि व समय तक कार्यालय में जमा करवा सकते है।

7/12/23

(सीताराम गुप्ता)
प्रभारी अधिकारी

# LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL
(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)

।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।

Dr. Sita Ram Gupta
OFFICER INCHARGE
Mob : 9413205638
Email: lrsbeechwal@gmail.com

Bijey Bhawan Palace
Veterinary College Campus
Bikaner 334 001
Rajasthan, India


Dated :

**पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल बीकानेर फार्म एरिया में सिंचित गेहूँ फसल (खरीफ–2023) हिस्सा पद्धति पर दिए जाने की आवश्यक नियम व शर्तें।**

1 निविदादाता निविदा प्रपत्र 200 रूपये नगद जमा करवाकर कार्यालय, प्रभारी अधिकारी पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल से प्राप्त कर सकता है तथा निर्धारित अमानत राशि 10000 रूपये नगद अथवा डिमांड ड्राफ्ट (जो कि प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के नाम से देय होगा) व वांछित दस्तावेज सहित अन्तिम तिथि तथा समय तक कार्यालय में जमा करवा सकता है। (15.12.2023, प्रातः 11.00 बजे)

2 सफल निविदादाता की अमानत राशि अनुबन्ध अवधि तक कार्यालय में जमा रहेगी तथा सफलतापूर्वक अनुबन्ध पूर्ण होने पर बिना ब्याज के लौटाई जाएगी।

3 हिस्सा पद्धति पर सिंचित गेहूँ फसल हेतु केन्द्र द्वारा सिंचित कृषि भूमि दिया जाना प्रस्तावित है। जिसमें निविदादाता /ठेकेदार द्वारा केन्द्र को गेहूँ फसल का चारा व दाने में हिस्सा देना होगा। चारा तथा दानें में केन्द्र का कितना हिस्सा होगा व कितना हिस्सा (प्रतिशत) ठेकेदार का होगा ? निविदा में निविदादाता/ठेकेदार द्वारा स्पष्ट उल्लेख करना होगा। चारा तथा दानें में अधिक से अधिक हिस्सा देने वाले निविदादाता/ठेकेदार को ठेका दिया जायेगा।

4 जमीन तैयारी और कृषि के अन्य कार्यो हेतु आवश्यक मशीनरी संसाधन तथा खाद, बीज केन्द्र उपलब्ध करवायेगा तथा इन कार्यो को करने में लगने वाले श्रमिक निविदादाता/ठेकेदार के होगें।

5 बुवाई एवं फसल वृद्धि के दौरान लगने वाले कार्बनिक/अकार्बनिक फफूँद नाशक, कीटनाशक यदि आवश्यक हुए तो केन्द्र उपलब्ध करवाएगा और इनका उपयोग के लिए प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल का निर्णय अन्तिम होगा। तथा आवश्यकता नहीं होने की स्थिति में निविदादाता को खरपतवार स्वयं आपने स्तर पर श्रमिक लगाकर करवानी होगी।

6 निनाण से लेकर फसल थ्रेसिंग तथा उसके बाद उत्पादन की साफ सफाई करके बोरियों में भरकर, तौलकर तथा गोदाम में रखने तक की सभी प्रक्रिया में श्रमिक अवयव निविदादाता का होगा।

7 केन्द्र के हिस्से की फसल का चारा निविदादाता द्वारा ही केन्द्र के गोदाम में रखवाया जायेगा और इसके श्रमिक अवयव निविदादाता का ही होगा।

8 निविदादाता/ठेकेदार द्वारा मशीन अथवा उनके व्यक्तियों द्वारा केन्द्र की किसी भी चल–अचल सम्पति को कोई क्षति होने पर अविलम्ब क्षतिपूर्ति एजेंसी को करनी होगी अथवा उनकी धरोहर राशि में काटी जायेगी।

9 समस्त कार्य ठेके की अवधि में संतोषजनक होना आवश्यक होगा तथा इस बाबत केन्द्र के प्रभारी अधिकारी के दिशा निर्देश मानने होगें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर निविदादाता की जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा ठेका तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया जायेगा जो कि निविदादाता को मान्य होगा।

10 फसल की सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेवारी निविदादाता की होगी। फसल आवारा पशुओं, जंगली जानवरों आदि से नुकसान से बचाने की जिम्मेवारी निविदादाता की होगी तथा फसल को किसी नुकसान की अवस्था में केन्द्र के हिस्से की भरपाई के लिए निविदादाता जिम्मेवार होगी। आवश्यकता पड़ने पर इसका निर्धारण सक्षम अधिकारी/प्रभारी अधिकारी द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जायेगा, हो निविदादाता को मान्य होगा।

11 जहाँ पर फसिंग कमजोर है, उन जगहों पर बाढ़/कांटे लगाकर आवारा पशुओं से फसल को सुरक्षित करना निविदादाता की जिम्मेवारी होगी।

12 अनुबन्ध कार्य के दौरान किसी प्रकार की श्रमिक दुर्घटना व अन्य दुर्घटना होने पर एजेंसी अथवा उनके प्रतिनिधि स्वय जिम्मेवार होगें। सभी प्रकार की कार्यवाही उन्हे स्वयं के खर्चे पर करनी होगी। केन्द्र द्वारा किसी प्रकार की सहायता या सुविधा प्रदान नहीं की जायेगी।

Vinod 6/12/23 Malli Viz

13 अनुबन्ध के अंतर्गत निविदादाता द्वारा लगाए जाने वाले श्रमिकों को राजस्थान सरकार द्वारा पारिश्रमिक व अन्य श्रमिक नियमों की अनुपालना संबधित निविदादाता को स्वयं के स्तर पर करनी होगी। केन्द्र की इसमें कोई भूमिका नहीं होगी।

14 हिस्सा पद्धति के अन्तर्गत इस खेत की अनुबन्ध में संबधित निविदादाता/ठेकेदार को यदि कोई नुकसान पहुँचता है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा व केन्द्र किसी प्रकार से भरपाई नहीं करेगा।

15 अनुबन्ध के अंतर्गत उपरोक्त इंगित कार्य संतोषजनक ढंग से तथा समय पर पूर्ण करने का पूर्ण उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा तथा कार्य असंतोषजनक या अधुरा रहने पर अनुबन्ध निरस्त करने, धरोहर राशि जब्त करने सहित अन्य कार्यवाही हेतु केन्द्र स्वतंत्र होगा।

16 सक्षम अधिकारी के पास फसल का क्षेत्रफल कम या अधिक करने, ठेके की अवधि घटाने या बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

17 ठेका स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार केन्द्र के प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल, (राजुवास), बीकानेर के पास सुरक्षित रहेगा।

18 बिना कोई कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार प्रभारी अधिकारी को होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में प्रभारी अधिकारी को निर्णय होगा जो निविदादाता को मानना होगा।

दिनांक : ..............................

हस्ताक्षर निविदादाता/ठेकेदार

पूरा पता :

टेलीफोन/मोबाईल न. :

8/12/23

# LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL

(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)

**Dr. Sita Ram Gupta**
**OFFICER INCHARGE**
Mob : 9413205638
Email: lrsbeechwal@gmail.com

**Bijey Bhawan Palace**
**Veterinary College Campus**
**Bikaner 334 001**
**Rajasthan, India**


**Dated :**

## अल्पकालीन निविदा प्रपत्र

| क्र. सं. | निविदा कार्य का स्थान | पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल |
|---|---|---|
| 1 | निविदा कार्य की प्रकृति | सिंचित गेहूँ फसल हिस्सा आधारित कृषि कार्य |
| 2 | भरे हुए निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | दिनांक : 15.12.2023 प्रातः 11.00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की अन्तिम तिथि | दिनांक 15.12.2023 दोपहर 12.00 बजे तक |
| 4 | निविदा फीस | 200 / – रूपये |
| 5 | अमानती राशि | 10000 / – रूपय |
| 6 | निविदा की मान्य अवधि | रबी 2023 |

| क्र.सं. | भूमि का विवरण | बोई जाने वाली फसल | दाना / बीज और चारा में केन्द्र का हिस्सा (प्रतिशत) | दाना / बीज और चारा में निविदाता / ठेकेदार का हिस्सा (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंचित भूमि क्षेत्रफल लगभग 25–30 बीघा | सिंचित गेहूँ फसल | | |

यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने निविदा में दर्शायी गई सभी नियम व शर्ते भली–भाँति पढ़ ली है तथा मुझे पूर्णरूप से स्वीकार है। मैं उपरोक्त दर्शायें गए कार्य को हिस्सा अनुबन्ध / ठेके के आधार पर सम्पन्न करवाने के लिये सहमत हूँ तथा मैं प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल या उनके प्रतिनिधि से समय–समय पर सम्पर्क करके उनके निर्देशानुसार अनुबन्ध कार्य करता रहूँगा। मैं अनुबन्ध कार्य में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करूँगा और केन्द्र के अधिकारियों / कर्मचारियों से कुशलता पूर्वक व्यवहार रखूँगा। यदि मेरे या प्रतिनिधियों द्वारा अनुबन्ध कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान / हस्तक्षेप करने / या उनके द्वारा बताये जाने वाले कार्य को करने के लिये मना आदि करता हूँ तो मेरे द्वारा जमा करवाई जाने वाली अमानत / जमानत राशि को जब्त करके अनुबन्ध को निरस्त किया जा सकता है जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। साथ ही मैं यह भी वचन देता हूँ कि मुझे व मेरे प्रतिनिधि को उपरोक्त कोटेशन प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यो का पूर्ण ज्ञान है।

यह भी वचन देता हूँ कि भारत / राजस्थान सरकार के प्रचलित सभी श्रमिक नियमों का पूर्ण रूप से पालन करूँगा तथा मेरे द्वारा लगाये गये सभी प्रतिनिधियों की मजदूरी का भुगतान समय–समय पर निर्धारित दैनिक मजदूरी की दर से करूँगा।

यह मेरे / हमारे संज्ञान में भली–भाँति से है कि आपके द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु प्राप्त निविदाओं में आप न्यूनतम अथवा किसी अन्य निविदाओं को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है एवं सक्षम अधिकारी द्वारा लिया गया निर्णय मुझे / हमें मान्य है। अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने के उपरान्त मेरा व मेरे द्वारा लगाये गये प्रतिनिधियों का इस केन्द्र से जॉब कॉन्ट्रेक्ट के अलावा कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा और न ही मैं किसी प्रकार का केन्द्र के खिलाफ कोई कार्यवाही करूँगा।

दिनांक : ............................

हस्ताक्षर निविदादाता / ठेकेदार

पूरा पता :

टेलीफोन / मोबाईल न. :

6/12/23.